देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 150 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...कम होते किसान



देहरादून, रविवार, 13 सितंबर 2020

# पेज थ्री



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 22.0°

38250.51

2 रूस को चौतरफा घेरने में जुटा अमेरिका

7 फरमाइश पूरी करने को राजी हुए युवराज

## संक्षिप्त समाचार

### बदलेगी बिहार की तकदीर और तस्वीरः नड्डा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। बिहार में भले ही चुनाव की तारीखों का ऐलान अभी नहीं हुआ है लेकिन सियासी दलों ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। खास तौर भारतीय जनता पार्टी की नजरें इस सियासी रण में शानदार प्रदर्शन की है। यही वजह है कि पार्टी कोई भी कोर–कसर नहीं छोड़ना चाहती है। इसी के मद्देनजर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बिहार दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जहां एक ओर सीएम नीतीश कुमार से मिलकर सीट बंटवारे का फॉर्म्यूला फाइनल किया। साथ ही पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आत्मनिर्भर बिहार अभियान की शुरुआत की।

### ड्रग केस में एनसीबी की ताबड़तोड़ छापेमारी, अंधेरी से करमजीत सिंह गिरफ्तार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सुशांत केस में ड्रग एंगल की जांच कर रही नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो पूरे एक्शन में है। ड्रग पैडलर्स के ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की जा रही है। इसी के तहत एनसीबी ने ड्रग मामले से जुड़े एक आरोपी करमजीत सिंह को मुंबई के अंधेरी वेस्ट इलाके से गिरफ्तार किया है। इससे पहले एनसीबी ने मुंबई और गोवा में एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ किया। इस दौरान भारी तादात में ड्रग्स के सात 7 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया।

### भारत–पाक सीमा पर हथियारों का जखीरा बरामद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** फिरोजपुर। सीमा सुरक्षा बल ने भारत–पाकिस्तान सीमा से सटे गांव न्यू गजनीवाला में बड़ी मात्रा में शनिवार को हथियारों का जखीरा बरामद किया है। इनमें चीन निर्मित हथियार भी शामिल हैं। बरामद हथियारों में तीन राइफल एके–47, दो राइफल एम–16 और चाइना की दो पिस्टल, एके–47 की छह मैगजीन और 7.62 एमएम के 91 राउंड, एम–16 राइफल की चार मैगजीन और 5.56 एमएम के 57 राउंड और चाइना पिस्टल के चार मैगजीन तथा 7.63 एमएम के 20 राउंड शामिल हैं।

# अब व्यापार का हॉटस्पॉट बनेंगे गांव

## 1.75 लाख घरों में गृह प्रवेश का कार्यक्रम हुआ ऑनलाइन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत मध्य प्रदेश में बने 1.75 लाख घरों का उद्घाटन किया और लोगों को उनके नए घर में गृह प्रवेश के लिए शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाभार्थियों से बातचीत की और उन्हें नए घर के बारे में जानकारी भी ली। इस दौरान उन्होंने कोरोना वायरस को लेकर भी लोगों को सजग रहने का संदेश दिया। उन्होंने मंत्र देते हुए कहा कि जब तक दवाई नहीं तब तक ढिलाई नहीं।

**नई सोच के साथ योजना लागू** पीएम ने कहा कि 2014 में पुराने अनुभवों का अध्ययन करके, पहले पुरानी योजना में सुधार किया गया और फिर प्रधानमंत्री आवास योजना के रूप में बिल्कुल नई सोच के साथ योजना लागू की

■पीएम ने कोरोना पर देशवासियों को चेताया, कोरोना की दवा बनने तक ढिलाई नहीं

गई। इसमें लाभार्थी के चयन से लेकर गृह प्रवेश तक पारदर्शिता को प्राथमिकता दी गई। उन्होंने आगे कहा किपहले गरीब सरकार के पीछे दौड़ता था, अब सरकार लोगों के पास जा रही है। अब किसी की इच्छा के अनुसार लिस्ट में नाम जोड़ा या घटाया नहीं जा सकता। चयन से लेकर निर्माण तक वैज्ञानिक और पारदर्शी तरीका अपनाया जा रहा है।

**मोदी ने आज 1.75 लाख लोगों को दिया घरः** भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की स्कीम महंगे रियल स्टेट सेक्टर की अपेक्षा सस्ते घरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरु की गई थी। इस स्कीम का लक्ष्य 31 मार्च 2022 तक देश भर में 20

### वैक्सीन बनने तक रहना होगा सतर्क



प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनकर तैयार हुए घरों का उद्घाटन करने के दौरान लोगों को कोरोना से हमेशा सतर्क रहने की सलाह दी। पीएम मोदी ने देशवासियों को दवाई की बात कहकर संदेश दिया कि जब तक वैक्सीन नहीं आ जाती, तब तक लोग अतिरिक्त सावधानियां बरतें।

मिलियन घरों का निर्माण करके सब के लिए घर (हाउसिंग फॉर ऑल) के अपने उद्देश्य को प्राप्त करना है। क्षेत्रों की आवश्यकताओं के आधार पर, इस योजना को दो भागों में बांटा गया है– शहरी और ग्रामीण।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर देशवासियों को कोरोना से बचे रहने की सलाह दी है। उन्होंने शनिवार को नया मंत्र देते हुए कहा कि श्जब तक दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं। प्रधानमंत्री मोदी ने दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी का मंत्र भी न भूलने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने कहा, श्मैं बार–बार कहता हूं। जरूर याद रखिए। मेरी बात आप

### नए जीवन की शुरुआत कीजिएः पीएम

पीएम मोदी ने आवास योजना के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, आप सभी साथियों से यही कहूंगा कि ये घर आपके बेहतर भविष्य का नया आधार है। यहां से आप अपने नए जीवन की नई शुरुआत कीजिए। अपने बच्चों को, अपने परिवार को अब आप नई ऊंचाइयों पर लेकर जाइए। आप आगे बढ़ेंगे तो देश भी आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा है कि यह सिर्फ मकान बनाने की योजना नहीं है।

मानें भी। देखिए, जब तक दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं। दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी, इस मंत्र को भूलना नहीं है। आपका स्वास्थ्य उत्तम रहना चाहिए।

# नेपाल ने भारतीय सीमा के समीप बनाए तीन हेलीपैड

## भारतीय सुरक्षा एजेंसियां हो गई हैं चौकन्नी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

महराजगंज। भारत से लगी सीमा पर नेपाल लगातार अपनी सैन्य क्षमता बढ़ा रहा है। भारतीय सीमा से महज 12 किलोमीटर की दूरी पर नेपाल में तीन हेलीपैड बनाए गए हैं। नेपाल के नवलपरासी जिले के नरसही के वार्ड नंबर चार, त्रिवेणी के आर्मी कैंप व उज्जैनी के समीप हेलीपैडों का निर्माण पूरा हो चुका है। हेलीपैड बनने के बाद भारतीय सुरक्षा एजेंसियां चौकन्नी हो गई हैं। सशस्त्र सीमा बल ने इसकी रिपोर्ट गृह मंत्रालय को भेजी है। सुरक्षा की दृष्टि से नेपाल सरकार का यह कदम बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। तीनों हेलीपैडों की सुरक्षा नेपाल के सशस्त्र पुलिस बल के जिम्मे है।

**सैन्य कैंपों की संख्या भी बढ़ा रहा नेपालः** सीमा पर सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती के बाद

### 10 एकड़ भूमि का हुआ है अधिग्रहण

सुस्ता गांव पालिका के नरसही के वार्ड नंबर चार में जिस स्थान पर हेलीपैड का निर्माण हुआ है, वहां पर नेपाल सरकार ने 10 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया है। यहां नेपाली एपीएफ के जवानों के लिए स्थाई बैरक व हथियार रखने के लिए बंकर का निर्माण भी प्रस्तावित है। भारत के झुलनीपुर सीमा से नरसही हेलीपैड की दूरी सात व त्रिवेणी की दूरी 12 किलोमीटर है। उज्जैनी में बना हेलीपैड ठूठीबारी सीमा से 10 किमी पूरी पर है।

नेपाल व्यवस्था को चाक चौबंद करने में जुटा है। भगवानपुर, बरगदवा, ठूठीबारी, झुलनीपुर से लगी भारतीय सीमा के समीप नेपाल ने निगरानी के लिए अस्थाई कैंप बनाए हैं। 1880 किमी लंबी सीमा पर नेपाल सैन्य कैंपों की संख्या बढ़ा रहा। इसी क्रम में चितवन जिले में तीन बार्डर आउट पोस्ट का निर्माण आरंभ कर दिया गया है। प्रत्येक पोस्ट पर 35 जवानों की तैनाती होगी।

**चीन का टेंट लगा भारत पर दबाव बना रहा नेपालः** भारतीय सीमा के समीप नेपाल ने बीओपी निर्माण के लिए जितने भी टेंट लगाए हैं, सभी पर चीनी भाषा में लिखा है। सीमा पर तैनात सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक नेपाल ने चीनी भाषा में लिखे टेंटों का प्रयोग भारतीय सुरक्षा बलों पर दबाव बनाने के लिए किया है।

**भारती ने शुरू की चौकसीः** महराजगंज एसपी रोहित सिंह सजवान ने कहा कि सीमा पर चौकसी बरती जा रही है। सीमा सील होने के चलते किसी को भी भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं है।

# चीन ने पांचों भारतीय नागरिकों को रिहा किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने अरुणाचल प्रदेश से लापता पांच युवाओं को रिहा कर दिया है। नाम तोच सिंगकम, प्रसात रिंगलिंग, डोंग्टू इबिया, तनु बाकर और नगारु डिरी को पीएलए ने 4 सितंबर को अगवा किया था। भारतीय सेना के बयान के अनुसार सारी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद सभी पांचों लोगों को किबितू में रिसीव किया गया है। वापस आए सभी लोगों को कोरोना वायरस प्रोटोकॉल के अनुसार 14 दिनों के लिए क्वारंटाइन किया जाएगा और उसके बाद ही उनके परिवार को सौंपा जाएगा।

पीएलए ने मंगलवार को बताया था कि भारत–चीन सीमा से चार सितंबर को लापता हुए पांच युवा उसे सीमा के उस पार मिले हैं। युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री और अरुणाचल से सांसद किरन रिजिजू ने एक ट्वीट में कहा कि भारतीय सेना द्वारा हॉटलाइन पर भेजे गए संदेश में पीएलए ने स्वीकार

### अगवा

पीएलए ने 4 सितंबर को किया था अगवा



किया कि अरुणाचल प्रदेश के पांच लापता युवक चीन में हैं।

बता दें कि अरुणाचल प्रदेश अपर सुबंसिरी के नाचो इलाके के रहने वाले पांचों युवकों का चीन के सैनिकों ने अगवा कर लिया था। भारतीय सेना के लिए पोर्टर और गाइड का काम करने वाले ये युवक जंगल में शिकार के लिए गए थे, उसी समय उनका अपहरण किया गया। इस समूह के पांच युवकों को चीनी सैनिक जबरन अपने साथ ले गए जबकि दो युवक किसी तरह बचकर अपने गांव लौट आए। इन दोनों ने ही लापता युवकों के घर में सूचना दी।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# पूर्व सैनिकों हमला पूरी तरह अस्वीकार्य

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। मुंबई के समता नगर में नौसेना के पूर्व अधिकारी मदन शर्मा की पिटाई के मामले में विवाद बढ़ता ही जा रहा है। एक ओर जहां पूर्व सीएम देवेंद्र फडणवीस ने घटना को लेकर उद्धव सरकार पर हमला बोला है, वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी शनिवार को मदन शर्मा से बात की। रक्षा मंत्री ने कहा कि

### रक्षा मंत्री ने जाना पूर्व नेवी अफसर का हालचाल

पूर्व सैनिकों पर इस तरह के हमले पूरी तरह अस्वीकार्य हैं। राजनाथ सिंह ने कहा, रिटायर्ड नौसेना अधिकारी मदन शर्मा से बात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

पूर्व सैनिकों पर इस तरह के हमले पूरी तरह से अस्वीकार्य और अपमानजनक हैं। उन्होंने मदन शर्मा के जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की।

वहीं दूसरी ओर पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि यह बहुत ही गलत और स्टेट स्पॉन्सर्ड टेरर वाली स्थिति है। 10 मिनट में 6 आरोपियों को छोड़ दिया गया। बीजेपी विधायक अतुल भटखलकर ने भी नौसेना के पूर्व अधिकारी मदन शर्मा के साथ मारपीट के लिए शिवसेना को जिम्मेदार ठहराया था।